an>

Title:Need to provide stoppage of Ala Hazrat Express, Rajya Rani Express, Guwahati Express and Sadbhavna Express at Gajraula Railway Station, Uttar Pradesh.

श्री कँवर सिंह तँवर (अमरोहा) : मैं माननीय रेल मंत्री का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा (उत्तर प्रदेश) के गजरौला व उसके आस-पास के दैनिक रेल यात्रियों की समस्याओं की ओर आकर्Â िात करना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र से हजारों लोग अपनी आजीविका अर्जित करने के लिए दिल्ली एन.सी.आर. में कार्य करने के लिए जाते हैं। साथ ही गजरौला प्रमुख धार्मिक नगरी गढ़ का निकटतम जंक्शन है जहाँ भारी संख्या में श्रद्धालु पहँचते हैं परंतु गजरौला रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। वहाँ यात्रियों के बैठने के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। सुबह-शाम के समय कोई ऐसी ट्रेन नहीं है जिससे यह लोग अपने काम पर दिल्ली-एनसीआर आ-जा सकें जिसके कारण इन्हें या तो बस से आना-जाना पड़ता है जो इनके लिए बहुत महँगा पड़ता है तथा समय भी बहुत लगता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि गजरौली रेलवे स्टेशन पर आला हजरत एक्सप्रेस, राजरानी एक्सप्रेस, गुवाहाटी एक्सप्रेस तथा सद्भावना एक्सप्रेस का स्टॉपेज बनाया जाए जिससे इन लोगों की समस्या का निदान हो सके तथा लोग समुचित रूप से रेल सुविधाओं का लाभ उठा सकें।